web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 06 अगस्त 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 310

## महत्वपूर्ण एवं खास

### हाई कोर्ट से जमानत याचिका खारिज, अब सुप्रीम कोर्ट जाएंगे सीएम केजरीवाल

**दिल्ली शराब घोटाला केस**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। अब हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेंगे अरविंद केजरीवाल। जानकारी के मुताबिक सीबीआई द्वारा अरेस्ट और जमानत याचिका को लेकर केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। हाई कोर्ट के आदेश के बाद अब अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर नहीं आ सकेंगे। सीबीआई मामले में गिरफ्तारी को अवैध बताने वाली याचिका को भी कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका भी खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने जमानत के लिए निचली अदालत जाने को कहा है।

### रिएक्टर में भीषण विस्फोट से घर पर गिरा धातु का टुकड़ा, शख्स ने गंवाए दोनों पैर

**ठाणे (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार को एक कंपनी के 'रिएक्टर' में विस्फोट होने के बाद उसमें से एक धातु का टुकड़ा एक घर पर गिरने से एक व्यक्ति की दोनों टांगें चली गईं। इस दौरान उसकी पत्नी और बेटी भी घायल हो गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार को एक कंपनी के 'रिएक्टर' में विस्फोट होने के बाद उसमें से एक धातु का टुकड़ा एक घर पर गिरने से एक व्यक्ति की दोनों टांगें चली गईं। इस दौरान उसकी पत्नी और बेटी भी घायल हो गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना सुबह साढ़े 4 बजे हुई। कुलगांव-बदलापुर अग्निशमन केंद्र के मुख्य अग्निशमन अधिकारी भागवत सोनावणे ने बताया कि बदलापुर महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) के खरवई गांव में स्थित दवा कंपनी के रिएक्टर के रिसीवर टैंक में विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि इसके बाद रिएक्टर इकाई में भी आग लग गई। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाई गई।

### नशे में धुत सरकारी अधिकारी ने एसयूवी से बाइक को टक्कर मारी, लगी आग

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां दिल्ली सरकार की एक अधिकारी पर अपनी एसयूवी कार से बाइक को टक्कर मारने का आरोप है। टक्कर के बाद कार और बाइक दोनों में आग लग गई।घटना रविवार तडक़े 2 बजे के बाद झंडेवालान इलाके में रानी झांसी रोड पर घटी है। एसयूवी चालक की पहचान आबकारी विभाग में सहायक आयुक्त आरसी मीना के रूप में हुई है।रैपिडो बाइक सवार युवक अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने बताया कि मीना अपनी क्रेटा एसयूवी तेज गति से चलाकर आ रही थीं, तभी उन्होंने रैपिडो बाइक को टक्कर मार दी। बाइक कार में फंस गई और दूर तक घसीटती चली गई।इसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। हालांकि, आग लगने से पहले दोनों वाहन चालक दूर हट चुके थे, जिससे वे बाल-बाल बच गए। बाद में दमकल विभाग ने आग बुझाई।पुलिस ने मीना को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, बाद में उन्हें जमानत मिल गई।

## दिल्ली से लेकर पहाड़ों तक भारी बारिश की चेतावनी, भारतीय मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

**नईदिल्ली** | आरएनएस



देशभर के विभिन्न राज्यों में इन दिनों मूसलधार बारिश हो रही है, जिससे कई स्थानों पर जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि 10 अगस्त तक दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में हल्की से लेकर बहुत भारी बारिश होने की संभावना है.

आपको बता दें कि 5 अगस्त को मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, असम और मेघालय में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश का अनुमान है. इन राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. पहाड़ी राज्यों में लगातार हो रही भारी बारिश और लैंडस्लाइड्स से जनजीवन प्रभावित हो रहा है. उत्तराखंड में हजारों श्रद्धालु फंसे हुए हैं, वहीं महाराष्ट्र के पुणे में भी भारी बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है. हिमाचल प्रदेश में आज भी भारी बारिश की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है.

दिल्ली में लगातार हो रही भारी बारिश ने जहां दिल्ली के लोगों को गर्मी से राहत दी है, वहीं सडक़ों पर बारिश का पानी भरने से लोगों को परेशानी भी हो रही है. आज दिल्ली में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है और अगले तीन दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है. दिन के दौरान तापमान 25 से 26 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है. मौसम विभाग का कहना है कि सोमवार को आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश हो सकती है.

इसके अलावा आपको बता दें कि राजस्थान में 6 अगस्त तक भारी बारिश होने का अनुमान है, जबकि उत्तराखंड में अगले दो दिनों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है. उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश से लैंडस्लाइड्स की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे कई रास्ते बंद हो गए हैं और यातायात प्रभावित हुआ है.

साथ ही आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर में आज और कल भारी बारिश की संभावना है. वहां के कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है. हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है. पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश से लैंडस्लाइड्स की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है. वहीं आपको बता दें कि गुजरात के वलसाड में भारी बारिश के बाद जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है. वलसाड के डीएम अनसूया आर झा ने कहा कि वलसाड जिले में भारी बारिश के कारण औरंगा नदी उफान पर है. लगभग 150 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है और राहत एवं बचाव कार्य अभी भी जारी है.

## वैशाली में श्रावणी मेले के दौरान 9 कांवड़ियों की करंट लगने से मौत

**पटना** | आरएनएस



बिहार के वैशाली जिले में रविवार देर रात भयानक हादसा हुआ। यहां हाजीपुर में हाइटेंशन तार से चिपककर 9 कांवडिय़ों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से झुलसे हैं।घटना औद्योगिक थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में हुई है। हादसे में जान गंवाने वाले सभी कांवडिय़े जेठुई गांव के रहने वाले हैं।पुलिस का कहना है कि गंभीर रूप से झुलसे कांवडिय़ों की हालत भी ठीक नहीं है। सभी सदर अस्पताल में भर्ती हैं।

हाजीपुर के पुलिस अधिकारी ने बताया कि कांवडिय़ों का जत्था पहलेजा घाट से गंगाजल लेकर बाबा हरिहरनाथ का जलाभिषेक करने जा रहा था।जत्थे के साथ ट्रॉली पर साउंड सिस्टम भी लगा हुआ था, जिसकी ऊंचाई काफी अधिक थी। रास्ते में जा रही 11,000 वोल्ट की हाइटेंशन तार से साउंड सिस्टम छू गया, जिससे पूरी ट्रॉली में करंट फैल गया।इससे मौके पर ही 9 लोगों की मौत हो गई। हादसा गांव से 500 मीटर दूर हुआ।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने हाजीपुर-जंदहा मार्ग को जाम कर दिया और बिजली कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की।बता दें, सावन का महीना शुरू होने के बाद कांवडिय़ों के साथ लगातार हादसों की खबर आ रही है। कुछ दिन पहले उत्तर प्रदेश के मुरैना और मेरठ में करंट लगने से 3 कांवडिय़ों की मौत हो गई थी।प्रदेश में ही कांवड़ लेकर जा रहे कुछ श्रद्धालुओं की ट्रॉली पलटी थी, जिससे 2 लोगों की मौत हुई थी।

## भारत पहुंच अजित डोभाल से मिली शेख हसीना

**-विदेश मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दी ब्रीफिंग**

**नईदिल्ली** | आरएनएस



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत में हैं. इस दौरान नई दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की. हसीना ढाका से भागकर आज शाम गाजियाबाद पहुंची हैं. शाम 5.36 बजे उनका विमान सी-130 हिंडन एयरपोर्ट पर लैंड हुआ था. सूत्रों के मुताबिक, शेख हसीना के मामले में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. उन्होंने पीएम मोदी को पूरी घटना की ब्रीफिंग दी है. पीएम मोदी के अलावा, विदेश मंत्री ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से भी मुलाकात की और उन्हें भी बांग्लादेश की घटना के बारे में ब्रीफ किया.

बांग्लादेशी प्रधानमंत्री का विमान भारतीय वायुसेना के हैंगर के करीब पार्क है. वायुसेना पूरे मूवमेंट पर नजर रख रही है. सुरक्षा बलों और वायुसेना के सूत्रों का कहना है कि भारतीय एयरस्पेस में जैसे ही उनका विमान दाखिल हुआ, तब से लेकर हिंडन एयरपोर्ट पहुंचने तक हमने निगाहें गड़ाए रखीं. बता दें, हसीना ने दोपहर 2.30 बजे राष्ट्रपति आवास बंगभवन से सेना के हेलीकॉप्टर में उड़ान भरी थी. शेख हसीना के साथ उनकी छोटी बहन शेख रेहाना भी हैं.

बांग्लादेश में लंबे समय से जारी हिंसा के कारण शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा. बांग्लादेश में फिलहाल अंतरिम सरकार सत्ता चलाएगी. बांग्लादेश सेना के प्रमुख वेकर-उज-जमान ने बताया कि हम देश में शांति बहाल करेंगे और नागरिकों से हिंसा रोकने के लिए अपील कर रहे हैं.

## जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के पांच साल पूरे

**-घाटी में बढ़ाई गई सुरक्षा, चप्पे-चप्पे पर नजर**

**श्रीनगर** | आरएनएस



जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाए जाने के आज पूरे पांच साल हो गए हैं. इस बीच घाटी में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और सुरक्षा बल चप्पे-चप्पे पर नजर बनाए हुए हैं. बता दें कि केंद्र सरकार ने पांच साल पहले यानी 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटा दिया था. साथ ही जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा खत्म कर दो केंद्र शासित प्रदेशों में बदल दिया था. इसी के मद्देनजर घाटी में आज सुरक्षा बढ़ा दी गई है.

अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के पांच साल पूरे होने पर जम्मू जिले के अखनूर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है. इलाके में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है. साथ ही आने जाने वाले वाहनों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है. जिससे घाटी में किसी भी प्रकार के प्रदर्शन को रोका जा सके.

जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान अखनूर एलओसी इलाके में जगह-जगह चेकपोस्ट बनाकर गश्त कर रहे हैं. साथ ही वहां से गुजरने वाले वाहनों और दस्तावेजों की भी गहन जांच की जा रही है. जम्मू-कश्मीर पुलिस के अलावा अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है. शहर से लेकर गांव तक कड़ी निगरानी की जा रही है, जिससे पाकिस्तान की ओर से किसी भी तरह की घुसपैठ या किसी भी प्रकार की हिंसक घटनाओं को रोका जा सके.

इस बीच दक्षिण जम्मू के एसपी अजय शर्मा ने कहा कि, आतंकी गतिविधि को देखते हुए हम हमेशा सतर्क रहते हैं, चाहे वह 5 अगस्त हो या 15 अगस्त. हम अपनी सुरक्षा तैयारियों के बारे में सब कुछ नहीं बता सकते. हालांकि उन्होंने कहा कि, हम सभी को आश्वस्त करना चाहते हैं कि सुरक्षा के मामले में हम कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं.

## बांग्लादेश में हालात बिगड़ने के बाद बीएसएफ का हाई अलर्ट जारी

**-अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बढ़ी**

**नईदिल्ली** | आरएनएस



बांग्लादेश में हिंसा के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया है और सेना के हेलीकॉप्टर में बैठकर देश छोड़ चुकी हैं। इस बीच भारत सतर्क हो गया है।सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने भारत-बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर हाई अलर्ट जारी करते हुए चौकसी बढ़ा दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, बीएसएफ ने 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा पर एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी सुरक्षा इकाईयों को सतर्क रहने को कहा है।

बीएसएफ के महानिदेशक (कार्यवाहक) दलजीत सिंह चौधरी और उनके साथ वरिष्ठ अधिकारी भारत-बांग्लादेश सीमा सुरक्षा की समीक्षा करने के लिए कोलकाता पहुंचे हैं।बता दें कि भारत और बांग्लादेश की सीमा एक-दूसरे से जुड़ी हुई है। कई बार बांग्लादेश से घुसपैठियों के भारत में दाखिल होने की खबर सामने आ चुकी है।संभावना जताई जा रही है कि मौजूदा घटनाक्रम का फायदा उठाते हुए उपद्रवी और संभावित आतंकवादी भारत में प्रवेश कर सकते हैं।

बांग्लादेश में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास गणभवन में घुस चुके हैं और नारेबाजी कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री हसीना के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।प्रदर्शनकारियों से शांति की अपील करने के लिए बांग्लादेश के सेना अध्यक्ष ने राष्ट्र के नाम संबोधन दिया है। इलाकों में कर्फ्यू जारी है।बता दें कि हिंसा में अब तक 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि सैंकड़ों घायल हैं।

### एयर इंडिया ने ढाका से आने-जाने वाली उड़ानें कीं रद्द

एयर इंडिया ने सोमवार को बांग्लादेश में बढ़ती अशांति के बीच ढाका से आने-जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी हैं।

बांग्लादेश की नेता शेख हसीना के देश के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने व गाजियाबाद के हिंडन एयर बेस पर उतरने के बाद एयर इंडिया ने यह घोषणा की।

एयर इंडिया ने एक्स पर पोस्ट किया, बांग्लादेश की स्थिति को देखते हुए, हमने ढाका से आने-जाने वाली अपनी उड़ानों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है।

देश की प्रमुख एयरलाइन ने कहा, हम लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और ढाका से आने-जाने के लिए कन्फर्म बुकिंग वाले अपने यात्रियों को सहायता प्रदान कर रहे हैं। उन्हें यात्रा के पुनर्निर्धारण और टिकटों के रद्दीकरण शुल्क पर छूट दी गई है।

इससे पहले दिन में, भारतीय रेलवे ने भी बांग्लादेश के लिए ट्रेन संचालन को रोक दिया था।

बढ़ती अशांति के बीच, बांग्लादेश की राजधानी के पॉश इलाके धानमंडी में बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल के घर में आग लगा दी गई।

रविवार को पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़पों में 100 से अधिक लोगों के मारे जाने और 1,000 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है।

## गली में खेलते-खेलते टैंक में जा गिरा 4 साल का मासूम, हुई मौत

**अहमदनगर (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले से एक हृदयविदारक वीडियो सामने आया है। यहां एक हौद में गिरने से 4 साल बच्चे की मौत हो गई है। ये हादसा तब हुआ जब बच्चा अपनी गली में खेल रहा है और खेलते-खेलते वह हौद में जा गिरा। बच्चा जब गिरा को परिजनों व आसपास के लोगों को भनक भी नहीं लगी। काफी देर बाद जब बच्चा घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद परिजनों को पता लगा कि उनका बेटा हौद में जा गिरा है। हादसे की सीसीटीवी वीडियो सामने आया है।

घटना बीते दिन अहमदनगर के मुकुंद नगर इलाके की बताई जा रही है। इलाके के एक हौद में गिरकर 4 साल के समर शेख की मौत हुई है। इस हादसे का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा कि रविवार शाम 6 बजे बच्चा गली में खेल रहा था, इसी दौरान खेलते-खेलते वह हौद के ढक्कन पर जाकर खड़ा होता है। वह जैसे ही ढक्कन पर खड़ा होता है वह नीचे गिर जाता है। लोगों का कहना है कि हौद का ढक्कन कमजोर होने के वजह से बच्चा हौद में गिरा पड़ा है।

शाम 6 बजे से बाहर गया बच्चा जब घर वापस नहीं आया तो काफी देर ढूंढने के बाद भी उन्हें उसका पता नहीं चला। जब सीसीटीवी देखा गया तो उसमें दिखा कि समर हौद में गिर गया है। लोगों को यह पता चलने के बाद रात 10 बजे समर को हौद से निकाला गया तब तक 4 साल के मासूम समर की मौत हो चुकी थी।

## केदारनाथ धाम में फंसे 250 से ज्यादा यात्री, रेस्क्यू के लिए एसडीआरएफ की 6 टीमें रवाना, एयरलिफ्ट कर लाएंगे सोनप्रयाग

**रुद्रप्रयाग** | आरएनएस



केदारनाथ धाम में फंसे 250 से अधिक यात्रियों को लिंचोली से भीमबली तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए एसडीआरएफ के छह जवानों की टीम रवाना की गई है। जहां से यात्रियों को एयरलिफ्ट कर सोनप्रयाग पहुंचाया जाएगा। इसके लिए सेना के एम-17 और चिनूक हेलीकॉप्टर काम पर लगाए गए हैं। सोमवार को केदार घाटी का मौसम साफ होने के साथ ही एमआई 17 और चिनूक से एयर लिफ्ट रेस्क्यू शुरू हो गया है।

एमआई चारधाम हेलीपैड पर यात्रियों को उतार रहा है जबकि चिनूक गौचर हवाई पट्टी पर यात्रियों को उतरेगा। सुबह नौ बजे तक 133 लोगों को केदारनाथ से एमआई, चिनूक और अन्य छोटे हेलीकॉप्टर की मदद से सुरक्षित एयर लिफ्ट किया जा चुका है। सभी लोगों के बाहर आने तक रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहेगा।

उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते आठ लोगों की मौत हो चुकी है और करीब छह लोग घायल हुए हैं। भारी बारिश के चलते सडक़ बह जाने के बाद केदारनाथ यात्रा रोक दी गई है। जानकारी के मुताबिक भीमवली और रामबाड़ा के बीच करीब 20 से 30 मीटर रास्ता बह गया है। वहीं सोनप्रयाग के पास करीब 100 मीटर सडक़ सैलाब में बह गई है। गौरीकुंड में पडऩे वाला तप्तकुंड भी सैलाब में पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। तप्तकुंड मलबे से पूरी तरह दब गया है। तप्तकुंड में श्रद्धालु स्नान करते हैं।

रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन की ओर से केदारनाथ दर्शन के लिए रुद्रप्रयाग तक पहुंचे तीर्थयात्रियों के लिए एक परामर्श जारी किया गया है जिसमें उनसे कहा गया है कि वे फिलहाल जहां भी हैं, सुरक्षित रूके रहें और अपनी केदारनाथ धाम यात्रा को स्थगित कर दें। परामर्श में कहा गया है कि इस समय सोनप्रयाग से आगे मोटरमार्ग और पैदल मार्ग की स्थिति बिल्कुल भी सही नहीं है। भारी बारिश के कारण गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल रास्ते पर भीमबली में 20-25 मीटर का मार्ग बह गया तथा पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर गिरकर रास्ते में आ गए हैं।

## ग्वालियर में बाघिन मीरा ने तीन शावकों को दिया जन्म, चिड़ियाघर में 12 हुई संख्या

**ग्वालियर** | आरएनएस



मध्य प्रदेश के ग्वालियर चिड़ियाघर में बाघिन मीरा ने रविवार रात तीन शावकों को जन्म दिया। इनमें दो शावकों का रंग सफेद और एक का रंग पीला है। चिड़ियाघर प्रबंधन का कहना है कि तीनों ही शावक और उसकी मां बाघिन मीरा स्वस्थ हैं।

तीन शावकों के जन्म के साथ अब ग्वालियर चिड़ियाघर में टाइगर की संख्या कुल 12 हो गई है। यहां 5 सफेद, 7 रॉयल बंगाल टाइगर हैं।

ऐसे में गांधी प्राणी उद्यान देश का पहला जू बन गया है जहां इतनी बड़ी संख्या में टाइगर मौजूद हैं।

दो महीने के भीतर ही चिड़ियाघर की दो बाघिनों ने शावकों को जन्म दिया है। इससे पहले 28 जून को चिड़ियाघर की ही एक और बाघिन दुर्गा ने तीन शावकों को जन्म दिया था। दुर्गा के शावकों को देखने के लिए सैलानी चिड़ियाघर में आने लगे थे।

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के दिन बाघिन दुर्गा के तीन शावकों के लिंग की पहचान की गई थी। इनमें से दो मादा और एक नर शावक है। नर शावक का रंग सफेद तो वहीं मादा शावकों का रंग पीला है।

बाघों के संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 29 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस की शुरुआत साल 2010 में हुई थी। रूस में एक टाइगर समिट में बाघ संरक्षण पर चर्चा हुई थी। उसी सम्मेलन में हर साल 29 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाने का फैसला किया गया था।

बाघ न सिर्फ भारत का राष्ट्रीय पशु है, बल्कि दुनिया के करीब 70 प्रतिशत बाघ हमारे देश में हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाने का उद्देश्य लगातारी घट रही बाघों की संख्या को थामने के लिए आवश्यक कदम उठाना है। इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बाघों के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जाता है। विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संगठन बाघ संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा देते हैं।

बाघों की घटती संख्या के कारणों की बात करें तो उनकी खाल, हड्डियों और अन्य अंगों की मांग की वजह से उनका अवैध शिकार किया जाता है। जंगल भी लगातार कम हो रहे हैं, यही वजह है कि बाघ पास की बस्तियों और इलाकों पर हमला करते हैं। अनुकूल वातावरण न होने के कारण इसका असर बाघों के जीवन पर पड़ रहा है।

भारत सरकार ने 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत की थी, इसका उद्देश्य देश में बाघों की संख्या को बढ़ावा देना और उनके आवासों की सुरक्षा करना है। इस परियोजना के तहत कई टाइगर रिजर्व भी स्थापित किए गए हैं। साथ ही बाघ संरक्षण के लिए विशेष नीतियां भी बनाई गई हैं। भारत में अभी 54 टाइगर रिजर्व हैं।